## सार-समाचार

### किशोरी शैक्षिक उत्सव आयोजित

**रतनगढ़** (निसं)। राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् जयपुर के निर्देशानुसार स्थानीय सीबीईओ कार्यालय द्वारा ब्लॉक स्तरीय किशोरी शैक्षिक उत्सव बुधवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रकाश में आयोजित हुआ। उत्सव में उच्च प्राथमिक और उच्च माध्यमिक स्तर पर प्रथम, द्वितीय और तृतीय जोन में विविध विषयाधारित प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ जिसमें छात्रा संभागियों ने स्वनिर्मित मॉडल, चार्ट, स्टाल आदि का प्रदर्शन किया। इससे पूर्व दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम प्रभारी आरपी नंदलाल स्वामी ने कार्यक्रम का उद्देश्य प्रकट किया। विभागीय प्रतिनिधि आरपी पवन जोशी के आतिथ्य में पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें प्रतियोगिता के सभी छह जोन में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त छात्राओं को प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर आरपी पवन जोशी ने कहा कि विभाग द्वारा प्रतिवर्ष किशोरी शैक्षिक उत्सव बालिका सशक्तिकरण की दिशा में महत्त्वपूर्ण आयोजन है। प्राचार्य विक्रम सिंह चौहान और उप प्राचार्य राजेंद्र कुमार ने शाब्दिक स्वागत किया। कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथि प्रधानाचार्य पंकज कुमार बिरमसर और गिरधारीलाल स्वामी बुधवाली ने भी विचार व्यक्त किए। प्रतियोगिता में व्याख्याता ममता शर्मा, रमेश कुमार नवल, अंजू चौहान, सुनीता गुरावा, नंदलाल नाई और लविका शर्मा निर्णायक थे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक राकेश गहलोत ने किया।

### 113 मरीजों की मोतियाबिंद की जांच की

**रतनगढ़** (निसं)। रतनगढ़ नागरिक परिषद कोलकाता, स्व.पुष्पा देवी पत्नी स्व.ओमप्रकाश सराफ की स्मृति में उनके पुत्र विशंभर दयाल सराफ व पौत्र राहुल सराफ द्वारा शंकरा आई हॉस्पिटल व जिला अंधता निवारण समिति, जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क मोतियाबिंद जांच व नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन बुधवार को माहेश्वरी भवन में हुआ। शिविर में 113 मरीजों की मोतियाबिंद जांचकर 47 मरीजों का चयन नेत्र लेंस प्रत्यारोपण के लिए किया गया। चयनित रोगियों को ऑपरेशन के लिए जयपुर ले जाया गया। वहां उनका ऑपरेशन गुरुवार को आधुनिक तकनीक द्वारा बिना टांके का किया जाएगा। शिविर शुरू होने से पूर्व भगवान शंकर की प्रतिमा के आगे समाजसेवी प्रवीण जैन ने दीप प्रज्वलन कर शिविर का शुभारंभ किया। परिषद के प्रतिनिधि एडवोकेट रजनीकांत सोनी ने आगंतुक अतिथियों का अभिनंदन किया। शिविर में शकरा आई हॉस्पिटल की टीम, परिषद के महेश भुवालका, हरिगोपाल कड़ेल, विनोद डागा,दीपक मुरारका, मनीष सराफ, मनोज जोशी, ललित चौधरी,नरेंद्र झवर, रामअवतार चांडक, मांगीलाल स्वामी, पूर्णमल कम्मा, महावीर प्रसाद रामगढ़िया, ओम सारस्वत सूरेश मुरारका, कमल सोनी, दीनदयाल खेतान, ललीत चौधरी, अशोक कुमार आदि ने अपनी सेवाएं दी। इस अवसर पर नगर के अनेक व्यक्ति व सैकड़ों मरीज उपस्थित थे।

### कैमिकल से भरा टैंकर पलटा, चालक जिंदा जला

**सादुलपुर** (निसं)। राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर स्थित हडियाल और रतनपुरा गांव के बीच होटल रघूवान के सामने मंगलवार रात्रि 7.46 बजे लगभग केमिकल से भरा एक टैंकर पलट गया और आग लग गई। देखते-देखते ही टैंकर धु-धु कर जलने लगा। घटना के बाद तारानगर थाना पुलिस, दुधवा खारा थाना पुलिस एवं राजगढ़ थाना पुलिस एवं फायर ब्रिगेड भी और आपातकाल एंबुलेंस भी मौके पर पहुंच चुकी है तीनों मौके पहुंच गई हैं। वहीं घटना को लेकर राष्ट्रीय राजमार्ग पर गुजरने वाले वाहन चालकों में भय माहौल बन गया। आसपास सडक पर स्थित होटलों में भगदड सी मच गई। घटना के बाद सडक के दोनों तरफ वाहनों की कतार लग गई। वहीं प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार टैंकर का टायर फट गया जिसके कारण टैंकर पलट गया। लोगी ने बताया कि एक व्यक्ति टैंकर में अन्दर ही जल गया और राख बन गया, दुसरे व्यक्ति के बारे में जानकारी नहीं मिल पाई है। टैंकर में केमिकल भरा होना बताया गया है। जिसके कारण आग लग गई। वहीं धु धु कर जल रहे टैंकर के पास पहुंचने की हिम्मत नहीं हो रही है। हालांकि फायर ब्रिगेड के द्वारा आग पर काबू पा लिया गया है। समाचार अपडेट किये जाने तक टैंकर में सवार चालक के साथ अन्य कोई था या नही कोई पता नहीं चल सका है। आग बुझाने के बाद ही और जांच के बाद ही घटना तथा टैंकर में सवार लोगों का पता चल सकेगा।

### मारपीट का मामला दर्ज

**पाटन** (निसं)। थोई थाने में दो बहनों के साथ मारपीट का प्रकरण दर्ज हुआ है। ममता सैनी पुत्री स्वर्गीय अमरचंद सैनी ढाणी खात्यीयावाली ने रिपोर्ट में लिखा है कि मेरे ताऊजी बोदूराम सैनी की पुत्रवधू भगोती देवी पत्नी छीगन लाल सैनी, कंचन देवी पत्नी मुकेश सैनी, पूजा सैनी व ज्योति सैनी पुत्री छीगन लाल सैनी आए दिन हमारे साथ बेवजह मारपीट करते हैं तथा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं। यही नहीं उनके ही परिवार के नाबालिक बच्चे भी हमारे घर में आकर हमारे साथ गाली गलौज करते हैं तथा पत्थरों से मारपीट करते हैं। मेरे ताऊजी हमारे घर में जाने वाले रास्ते को बंद करने की धमकी देते हैं। रविवार को मैं और मेरी छोटी बहन सुमन हमारे घर पर अकेली थी, इन लोगों ने एक राय होकर घर में घुसकर हमारे साथ मारपीट की एवं गाली गलौज की। मजबूर होकर उनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच कांस्टेबल प्रभू राम को सुपुर्द की है तथा जांच कर कार्यवाही करने के आदेश दिए हैं।

### 'आचार्य भिक्षु के पास सत्य का संग्रह था'

**बीदासर** (निसं)। तेरापंथ भवन के मघवा समवसरण में बुधवार को आचार्य महाश्रमण की सुशिष्या साध्वी रचनाश्री के सानिध्य में भिक्षु चरमोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर साध्वी रचनाश्री ने कहा कि बोध साहित्य में बताया गया है कि महापुरुष चार बल के आधार पर शिखर पर पहुंच थे। पहला बल है प्रज्ञा का बल है, दूसरा वीर्य बल, तीसरा अनवध बल और चौथा बल है संग्रह का बल। आचार्य भिक्षु के पास सत्य का संग्रह था, ज्ञान का संग्रह था और निर्मल चरित्र का संग्रह, इन चार बलो के कारण आचार्य भिक्षु ने अध्यात्म के ऊँचे शिखर पर आरोहण किया। कार्यक्रम में साध्वी जयंतयशा, लब्धियशा, गीतार्थप्रभा ने विचार और गीत के माध्यम से प्रस्तुति दी। महिला मण्डल की मंत्री भावना दुगड़, चंदा देवी संचेती, कन्या मण्डल की सयोजिका खुशबु दुगड, सुमन देवी सेठिया ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम का शुभारम्भ महिला मण्डल के मंगलाचरण से हुआ। कार्यक्रम का संचालन साध्वी कौशलप्रभा ने किया।

### आरोग्य मेले का आयोजन

**पाटन** (निसं)। निकटवर्ती ग्राम काचरेडा के आयुष हॉस्पिटल में आज आरोग्य मेले का आयोजन किया गया ।औषधालय के चिकित्सा अधिकारी कैलाश चंद शर्मा ने बताया की आयुष हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर राजकीय आयुर्वेद सेन्टर में आज बुधवार को आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न प्रकार की जांच कर औषधीय दी गई ।जांच में मलेरिया, हीमोग्लोबिन, ब्लड जांच ,शुगर जांच आदि की गई । आरोग्य मेले में 30 से अधिक रोगियों की विभिन्न प्रकार की जांच की गई।विभाग के योग प्रशिक्षक संदीप नेहरा व ताराबाई द्वारा योग कार्यक्रम आयोजित किया गया।जिसमें विभिन्न प्रकार के योग द्वारा स्वस्थ रहने के गुर सिखाए गये।इस अवसर पर देवेंद्र कुमार जांगिड, एएनएम तमन्ना, जितेंद्र शर्मा, सुमन,सुनीता शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### पोषण मेला आयोजित

**बिसाऊ** (निसं)। बिसाऊ में महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना अलसीसर की ओर से पोषण मेला का आयोजन न्यू राजस्थान कॉलेज में बिसाऊ में आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि डॉक्टर प्रताप सिंह सिहाग वह डॉक्टर अभिषेक चिकित्सा प्रभारी बिसाऊ, श्रीमती विनोद सियाग, एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी अमिता गेट थी इस अवसर पर मतदाता जागरूक व पोषण अभियान की रैली का फिता काटकर शुभारंभ किया गया मिशन सी साला पूर्व शिक्षा पोषण आहार व पी एम वाई अभियान आदि की प्रदर्शनी की गई महिलाओं की गोद भराई एवं अनपाशन प्रवेश उत्सव करवाया गया किसके साथ संस्कृत के कार्यक्रम व विभाग में उत्कृष्ट कार्य करने वाले को सम्मानित भी किया गया मंच संचालन लक्ष्मीकांत रामावत ने किया इस अवसर पर बृजेश जी महेंद्र जी सेन अशोक,भारती, नीरज, दीपिका, अंजू, विमल आदि उपस्थिति रही एवं समस्त कार्यकर्ता भी उपस्थित रही।

### भण्डारे व जागरण का आयोजन

**बीदासर** (निसं)। कस्बे के वार्ड तीन स्थित भैंरूजी की गली स्थित तोलियासर भैरूजी मंदिर में भादवा बदी की तेरस के उपलक्ष में बालचंद नोरतमल सेठिया के सौजन्य से मंदिर प्रांगण में भण्डारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओ ने प्रसाद ग्रहण किया। भण्डारे के पश्चात रात्रि में मंदिर प्रांगण में महाजागरण का आयोजन किया गया।

# वैदिक गौ संत सम्मेलन में संतों का आव्हान 'वेद बिना मति नहीं, गाय बिना गति नहीं'

■ गौपुष्टि महायज्ञ में वैदिक गौ संत सम्मेलन हुआ

**सीकर,** (निसं)। शहर के रामलीला मैदान में चल रहे श्रीलक्ष्मी गौपुष्टि महायज्ञ बुधवार को देशभर से आये संतों व महामंडलेश्वर ने गौहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की।

संतों ने गाय प्रकृति पर्यावरण और राष्ट्र रक्षा के लिए कहा कि जनता को गाय प्रकृति पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आना होगा। संतों ने कहा कि वेद बिना मति नहीं गाय बिना गति नहीं। महामंडलेश्वर अखिलेश्वर दास ने सनातन का उल्लेख करते हुए कहा कि जहां सनातन विद्यमान है, वहां सत्य है, धर्म है और जहां सत्य धर्म होगा वहां राष्ट्र का भाव होगा और राष्ट्र भाव वाले ही सनातन की गाय प्रकृति पर्यावरण और गो का संरक्षण करेंगे। यज्ञ हमें समरसता सिखाता है जहां त्रेता के राम की तरह चारो वर्णों ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र में बिना भेद के एक साथ मिलकर यज्ञ में आहुतियां देकर गाय, प्रकृति, पर्यावरण और राष्ट्र रक्षा के संकल्प का शंखनाद हो रहा है। इस शंखनाद की भावना हमारे सनातन में ही है। जगद्गुरु राम दिनेशाचार्य महाराज अयोध्या ने कहा की देश में रामंदिर का निर्माण, धारा 370 का हटना व काशी विश्वनाथ कारिडोर सनातन का प्रभाव है। उन्होंने कहा कि विज्ञान का सार वेदों से ही निकला है।

भारतीय पुरातन ज्ञान विज्ञान व ऋषि परंपरा को समझने के लिए वेद अध्ययन आवश्यक है। भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए पुरातन परंपरा, वेद, उपनिषद की ओर लौटना होगा। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरीशंकर दास जी महाराज ने संबोधित करते हुए कहा कि जहां गाय यज्ञ हैं वहां सनातन है। और सनातन अजर अमर है उसे कोई मिटा नहीं सकता।

रामलीला मैदान में चल रहे श्रीलक्ष्मी गौपुष्टि महायज्ञ में देशभर से आये संतों व महामंडलेश्वर ने गौहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की।

आयोजन समिति के सहसंयोजक अधिवक्ता हनुमान सिंह पालवास ने बताया की करणी गोपाल गौ धाम पालवास के पीठाधीश्वर चन्द्रमादास महाराज एवं बवालिया बाबा के अनन्य भक्त गोसेवक प्रकाश महाराज सहित संतों के सानिध्य में चल रहे नौ कुण्डिय महायज्ञ में बुधवार को वैदिक गौ संत सम्मेलन में अग्रपिठाधीश्व राघवाचार्य महाराज, महामंडलेश्वर धर्माचार्य अखिलेश्वरानंद महाराज अहमदाबाद, जगतगुरु रामदिनेश आचार्य महाराज अयोध्या, गौरी शंकर महाराज राष्ट्रीय प्रवक्ता अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद, मनीषदास महाराज पत्थर मंदिर अयोध्या, महामंडलेश्वर हरिशंकर दास महाराज, महामंडलेश्वर जनदिन दास, महामंडलेश्वर गिरीश दास, संत कुमार शरण, महामंडलेश्वर रामदास, जैन साध्वी सरिता दीदी, साध्वी बबिता दीदी, महंत विष्णुदास, शिव हनुमान मंदिर जयपुर के अवधेश दास, महंत अच्युत बलरामदास, महामंडलेश्वर सरजू, मदन मोहन दास, रामकुमार दास, अनिल दास हनुमानगढ़ी अयोध्या मठ, ओमदास सांगलिया, मनोहर शरणदास, मोती नाथ काछवा, निश्चलनाथ चुवास, महावीर जति, ध्यान नाथ नागवा, महामंडलेश्वर ओमकारदास पहाड़ी बाबा विदिशा मध्य प्रदेश, वृंदावन से कृष्णागिरी सहित दर्जनों संत धर्माचार्यों ने श्री लक्ष्मी गो पुष्टि महायज्ञ में पहुंचकर वैदिक सनातन संस्कृति गाय प्रकृति पर्यावरण और प्राणी मात्र के कल्याण हेतु अपने प्रवचनों से जनता को जागृत करने का प्रयास किया।

संतों के सीकर पहुंचने पर मुख्य यजमान, स्वागत अध्यक्ष, आयोजन समिति मंडल द्वारा महंत चंद्रमा दास महाराज के नेतृत्व में भव्य पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया।

इस दौरान बाहर से आने वाले सभी संतो का शाल व श्रीफल देकर आयोजन स्वागत समिति की तरफ से सम्मान सत्कार किया गया। गौपुष्टि महायज्ञ की पूर्णाहुति गुरुवार को होगी तथा संत विदाई दी जायेगी।

## 'लोकतंत्र की मजबूती के लिए युवा सक्रिय भागीदारी निभाएं'

**सीकर,** (निसं)। मालियों की ढाणी हर्ष में राजकीय विद्यालय के खेल मैदान में विवेकानंद युवा मंडल हर्ष के संयोजन में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में युवाओं को संबोधित करते हुए जिला परिषद सीईओ राकेश कुमार गढवाल ने कहा कि जिन युवाओं की 1 अक्टूबर 2023 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने जा रही है वह मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाएं।

उन्होंने उपस्थित युवाओं व ग्रामीणजनों से अधिकाधिक लोगों को मतदान में भागीदारी के लिए प्रेरित करने का आग्रह किया। इस दौरान मतदाता सूची में पंजीयन के लिए वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से मतदाताओं का रजिस्ट्रीकरण करना, मोबाइल नंबर आधार नंबर लिंक करने की प्रक्रिया एवं नाम संशोधन व मतदाता का एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानांतरण पर चर्चा की गई। इस दौरान धोद एसडीएम कुणाल राहड़, युवा जिलाधिकारी मोहित कुमार, सुरेश ओला एप स्पेशलिस्ट, डॉ. संजय खीचड़, नेशनल यूथ अवॉर्डी स्वदेश पूनिया, मदन लाल कुमावत व्याख्याता, भगवाना राम सैनी व्याख्याता, पोखरमल प्रधानाध्यापक, भोलाराम गुर्जर, समाज सेवी महावीर पारीक, राधेश्याम सैनी, मधुबाला, किशोर गुर्जर, बेगाराम, ओमप्रकाश, रक्तप्रेरक मुकेश सैनी, सुनील सैनी, स्वयंसेवक गोविंद सैनी, प्रमोद सुविल, बजाज फाउंडेशन से सुरेंद्र राजोरिया, शंकर लाल सैनी सहित गांव के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री ने श्याम दरबार में शीश नवाया

■ श्याम मंदिर में पूजा-दर्शन कर खुशहाली की कामना की

**सीकर,** (निसं)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बुधवार को जिले के खाटूश्यामजी मंदिर में पूजा दर्शन कर देश-प्रदेश की खुशहाली के लिए कामना की।

श्याम मंदिर कमेटी के अध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री को विधिवत पूजा करवाकर श्याम दुपट्टा ओढ़ाकर व श्याम प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत व सम्मान किया। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने श्रृद्धालुओं के लिए खाटूश्यामजी मंदिर में दर्शन के लिए की गई व्यवस्थाओं के लिए श्याम मंदिर कमेटी की सराहना की।

**मुख्यमंत्री हेलिकॉप्टर से सालासर पहुंचे:-** हेलीपैड पर महिला आयोग अध्यक्ष रेहाना रियाज, सादुलपुर विधायक कृष्णा पूनिया, वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष खानूखान बुधवाली, सरदारशहर विधायक अनिल शर्मा, सुजानगढ़ विधायक मनोज मेघवाल, तारानगर विधायक नरेंद्र बुडानिया, भंवरलाल पुजारी, जिला कलक्टर सिद्धार्थ सिहाग, एसपी राजेश मीणा ने मुख्यमंत्री की अगुवानी की।

सीएम को जल्दी जयपुर के लिये निकलना था, इसलिए आम कार्यकर्ताओं से मुलाकात नहीं कर पाये।

कार्यकर्ता सुबह से मुख्यमंत्री से मिलने के लिये कतार में लगे हुये थे, परन्तु सीएम ने गाड़ी से ही हाथ हिला कर कार्यकर्ताओं का अभिवादन स्वीकार किया। इस पर कार्यकर्ताओं को निराश ही वापस लौटना पड़ा।

सीएम गहलोत ने इसके बाद गाड़ी से सालासर बालाजी मंदिर पहुंचकर बालाजी महाराज के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। इस दौरान मन्दिर के पुजारी रविशंकर, बबलू, भंवरलाल, यशोदा नंदन, अंकित, मनीष, अरुण आदि ने सीएम गहलोत को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत् पूजा-अर्चना करवाई।

## वार्ड 19 स्थित गिंवारिया बस्ती में बाबा रामदेव मंदिर में जागरण आयोजित

**चूरू,** (कासं.)। वार्ड 19 स्थित गिवारिया बस्ती में बाबा रामदेव मंदिर में मंगलवार रात्रि को भव्य जागरण का आयोजन किया गया। इससे पूर्व बाबा रामदेव की महाआरती की गई।

आरती में चूरू शहर व गिवारिया बस्ती के महिला-पुरुषों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। गायक कलाकार मांगीलाल पुजारी ने गणेश वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मांगीलाल पुजारी ने म्हारो हेलो सुणो नी रामापीर, मारग में रामदेव मिल ग्या, ओ बाबा रामदेव ओ। वहीं कलाकार सुरेश कुमार सैनी ने बाबा रामदेवजी ओ थाने घणी घणी खम्मा, लीले घोड़े रा असवार, हाथ जोड़ ने अरज करूं मैं जैसे भजनों की प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

भाजपा नेता पराक्रम सिंह राठौड़ ने भी कार्यक्रम में शिरकत कर बाबा रामदेवजी की पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर विनोद कुमार, राकेश, गोरूराम, मांगीलाल, रामपाल, बिबतीराम, महेंद्र सिंह, अमर सिंह, मक्खनराम, सहीराम, देबूराम, शंकरलाल, दुर्गाराम, भंवरलाल आदि ने जागरण में सहयोगी भूमिका निभाई। विनोद कुमार गिवारिया ने आगंतुक अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

वार्ड 19 स्थित गिवारिया बस्ती में बाबा रामदेव मंदिर में मंगलवार रात्रि को भव्य जागरण का आयोजन किया गया।

## युवक ने डरा धमका कर दलित महिला का देह शोषण किया

**बीदासर** (निसं)। शहरी क्षेत्र की एक दलित महिला ने एक युवक के खिलाफ डरा धमकाकर दुष्कर्म करने और वीडियो व फोटो वायरल करने की धमकी देकर लगातार देह शोषण करने का मामला पुलिस थाना में दर्ज करवाया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पीड़िता ने पुलिस थाना में रिपोर्ट दी कि युवक एक दिन शाम के समय अंधेरा होने के बाद जबरदस्ती मेरे घर में घुस गया, उस समय मैं घर पर अकेली थी और रसोई में खाना बना रही थी। उसने मुझे पीछे से दबोच लिया और मेरा मुंह बंद कर दिया और मुझे जबरदस्ती घसीटकर कमरे में ले गया, मेरे साथ दुष्कर्म करने की नीयत से जोर-जबरदस्ती की और मेरे कपड़े फाड़ दिये और मेरे साथ दुष्कर्म किया। मैंने रोला किया तो मेरा गला दबाकर मारपीट की, डराया-धमकाया और जातिसूचक गालियां निकाली। तब उसने मेरे अश्लील फोटो व वीडियो भी बना लिये और मुझे किसी को बताने या पुलिस में शिकायत देने पर वायरल कर बदनाम करने और मुझे व बच्चों को जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद युवक लगातार डरा-धमकाकर मेरे साथ देह शोषण करता रहा है और अन्य पुरूषों के साथ नाजायज सम्बन्ध बनाने का दबाव बना रहा है। वह मुझसे जबरदस्ती वैश्यावृत्ति करवाना चाहता है।

26 सितंबर को मैं दोपहर 1 बजे के लगभग अपने घर के बाहर कचरा डालने के लिए गई थी तभी युवक वहां पर मोटर साईकिल लेकर आया और मेरे पर अपने साथ चलने के लिए दबाव बनाने लगा। मेरे द्वारा मना करने और मेरा पीछा छोड़ देने कहने पर भी नहीं माना और मेरे साथ गाली-गलौच की और जातिसूचक गालियां निकाली और मेरे साथ मारपीट करने लगा और जबदरस्ती अपनी मोटर साईकिल पर बैठाकर ले जाने लगा, तब मेरे द्वारा चिल्लाने पर आस-पड़ौस के लोगों ने बीच-बचाव कर मुझे छुड़ाया, तब युवक मोटर साइकिल लेकर भाग गया और जाते-जाते वीडियो वायरल करने और जान से मार देने की धमकी दी। मेरे द्वारा पूर्व में भी एक एफआईआर पुलिस थाना बीदासर में दर्ज करवाई गई थी लेकिन युवक द्वारा मेरे व मेरे परिवार वालों को डराये-धमकाये जाने के कारण उस समय आगे कोई कार्यवाही नहीं करवाई जा सकी। पुलिस ने महिला की रिपोर्ट पर एससी एसटी एवं अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### अतिक्रमण हटाया

**सादुलपुर,** (निसं)। नगर पालिका प्रशासन राजगढ ने शहर के वार्ड नंबर 25 में अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की है।

वहीं नगरपालिका प्रशासन तथा पुलिस प्रशासन के साथ जे.सी.बी. मशीन लेकर मौके पर पहुँचे। तथा नगर पालिका की भूमि पर बने अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई कर पानी निकासी हेतु रास्ता खोला गया। इस संबंध में अधिशाषी अधिकारी प्रियंका बुडानिया ने बताया कि मौहल्ला नरडियान में स्थित रेलवे फाटक के पास नगर पालिका की भूमि आम रास्ते पर अतिक्रमण किया गया था। तथा शिकायतों की जाँच के बाद अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि रेलवे फाटक से हिसार सडक तक रास्ता खुलवाने के लिए भी अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की जाएगी। तथा रेलवे बाउंड्री के पास रास्ता खुलवाने के लिए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

## एएसआई जयवीर पर लोकायुक्त में शिकायत दर्ज

**चूरू,** (कासं)। स्थानीय कोतवाली में नियुक्त एएसआई जयवीर सिंह पूनिया द्वारा एक आपराधिक मामले में घोर अनियमितताएं बरतने व धारा 161 में आरोपियों को सहयोग देने वाले बयान दर्ज करने तथा नक्शा मौके एवं फर्जी साक्षी दर्ज कर बयान लेने एवं प्रथम सूचना में दर्ज प्रमुख अपराधी को गवाह के रूप में प्रस्तुत करने के बारे में शपथ पत्र सहित ज्ञापन देने पर भी कार्यवाही न करने पर लोकायुक्त कार्यालय जयपुर ने जांच हेतु मामला दर्ज किया है।

इस विषय में तथ्यात्मक तत्य इस प्रकार कि रामदेवरा ग्राम में स्थित विद्यालय में कार्यरत प्रताप ओला मास्टर व उसके पुत्र निखिल व पत्नी मंजू ने नाली के मामले में बनवारी लाल दीक्षित एड़वोकेट के दरवाजे के पास उनके पोते देवेन दीक्षित व माता ईन्द्रा के साथ मारपीट की, जिस पर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने हेतु लिखित में देवेन दीक्षित ने दी तो जयवीर पूनिया अपराधी प्रताप ओला जाट को लेकर शिकायत कर्ता के घर समझौते के लिए आए थे। प्रताप ओला व उसके पुत्र निखिल तथा मंजू द्वारा आए दिन ऐसी हरकतों के कारण समझौता नहीं हो सका। इस पर जयवीर पूनिया सहायक थानेदार ने प्रथम सूचना रिपोर्ट लिखने की बजाएं लिखित आवेदन को फेंक दिया और चले गए। उसी वक्त एड़वोकेट बनवारी लाल दीक्षित ने पुलिस अधीक्षक को टेलीफोन से सूचित करने पर आवेदन पत्र के घंटों बाद मामला जानबूझकर देरी से दर्ज किया गया।

जांच अधिकारी जयवीर से न्याय न मिलने पर जांच अधिकारी बदलने का आवेदन देवन दीक्षित द्वारा प्रस्तुत करने पर जिला पुलिस अधीक्षक राजेश मीणा ने जांच अधिकारी नहीं बदला। बल्कि जांच अधिकारी बदलने का आवेदन उसे ही पहुंचा दिया गया। जिससे जयवीर पूनिया एएसआई ने नाराज होकर सीआरपीसी की धारा 161 के स्वयं द्वारा गलत ढंग से लिखकर न्यायालय में चार्जशीट प्रस्तुत कर दी गई। पुलिस एएसआई की पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत पर कार्रवाई न होने पर लोकायुक्त को मामले की सूचना दी गई।

## कलश यात्रा में श्रद्धा का सैलाब उमड़ा

■ वार्ड 31 स्थित शिव मंदिर में सात दिवसीय श्रीमद् भगवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ

**चूरू,** (कासं.)। वार्ड 31 स्थित शिव मंदिर में शिव कॉलोनी, शिव मित्र मंडल व गोरख मित्र मंडल के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित श्रीमद् भगवत् कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ बुधवार को कलश यात्रा से हुआ।

शिव मित्र मंडल के भगत पवन कुमार सैनी ने बताया कि बुधवार को विशाल कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा शिवालय से रवाना होकर विभिन्न मार्गो से होते हुये कथा स्थल पहुंची। कलश यात्रा का नेतृत्व वृंदावन के कथावाचक तेजराम महाराज ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर उत्साह पूर्वक कलश यात्रा में भाग लिया। बुधवार को कथा के मुख्य यजमान पवन कुमार सैनी सपत्निक थे।

श्रीमद्भगवत् कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ कलश यात्रा से हुआ।

सैनी ने बताया कि कथा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगी।

कलश यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर सुरेश कुमार भार्गव, हरीश पारीक, नवरंग लाल सैनी, दिनेश शर्मा, विद्याधर सैनी, किशन प्रजापत, गोपाल शर्मा, महेश राजपुरोहित, रामकिशन, दिनेश कुमार, लक्ष्मण शास्त्री सहित बड़ी संख्या में कॉलोनी के महिला-पुरुष उपस्थित थे।

### स्टेशनरी वितरण

**सीकर,** (निसं)। लियो क्लब सीकर द्वारा स्मृति वन रोड स्थित परमार्थ आश्रम प्रताप नगर में 40 से अधिक बच्चों को स्टेशनरी व अल्पाहार वितरित किया गया।

**निविदा सूचना**

निविदा क्रमांकः BBC/PM/02 दिनांक 28.09.2023

बांधनी एण्ड बंधेज (टाई एण्ड डाई) क्लस्टर चूरू के अंतर्गत प्लांट मशीनरी के टर्नकी प्रोजेक्ट हेतु इच्छुक सप्लायर से निर्धारित निविदा प्रपत्र में दिनांक 18 अक्टूबर 2023 सायं 5 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है। विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाइट http://www.ppdcagra.dcmsme.gov.in/ tender पर विजिट करें।

(प्रोजेक्ट डायरेक्टर आईएं)

**OFFICE OF GRAM PANCHAYAT SALASAR, P.S. SUJANGARH (CHURU)**

क्रमांकः- ग्रा.प./सा./2023-24/1186 दिनांक 26.09.2023

**Notice Inviting Bid**

Bids for open tender of Gram Panchayat SALASAR Panchayat Samiti SUJANGARH (CHURU) a construction, electrical and mechanical work (construction of biogas plant 85.00 cum) "RS 50.00 lac" is invited from eligible interested bidders for upto 6.00 PM of 05.10.2023 Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal http://sppp.raj.nic.in and www.eproc.rajasthan.gov.in of state and at Gram Pancayat SALSAR office in all working days.

NIB NO.: UBN NO.:

VILLAGE DEVELOPMENT OFFICER GRAM PANCHAYAT SALASAR PANCHAYAT SAMITI SUJANGARH

SARPANCH GRAM PANCHAYAT SALASAR PANCHAYAT SAMITI SUJANGARH